*प्रेस नोट*

*जनपद भदोही*

*दिनांक: 16.09.2026*

*थाना औराई पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण, ₹3,510 नगद व चोरी के सामान की बिक्री से प्राप्त धनराशि सहित 02 अभियुक्त व 01 अपचारी गिरफ्तार*

*घटना/ गिरफ्तारी का विवरण:-*

वादिनी द्वारा थाना औराई पर लिखित तहरीर दी गई कि उनके बंद घर की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा टीवी, डिस्क, स्लीपिंग बैग, रजाई व अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। घटना के संबंध में थाना औराई पर मु0अ0सं0 409/2026 धारा 305A, 331(3), 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। दिनांक 16.09.2026 को थाना औराई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों एवं 01 अपचारी को हिरासत में लिया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

*गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-*

1.सूरज गौतम पुत्र रामचन्दर गौतम, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी वनमालीपुर, थाना औराई, जनपद भदोही।

2.संदीप कुमार गौतम पुत्र पप्पू राम गौतम, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी वनमालीपुर, थाना औराई, जनपद भदोही।

3.01 अपचारी, उम्र करीब 14 वर्ष।

*बरामदगी:-*

₹3,510 नगद, जो चोरी किए गए सामान को कबाड़ी को बेचने से प्राप्त धनराशि ।

*पूछताछ का विवरण:-*

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा दिनांक 26.08.2026 को दीनानाथपुर स्थित बंद घर की खिड़की तोड़कर टीवी, डिस्क, स्लीपिंग बैग, रजाई व अन्य सामान चोरी करना बताया गया। चोरी किए गए सामान को

भदोही शहर में एक कबाड़ी को ₹15,000 में बेचने तथा प्राप्त धनराशि को आपस में बांटकर खर्च करने की बात बताई गई। बरामद ₹3,510 उसी धनराशि में से शेष रकम है।

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-*

उ0नि0 श्री सतीश कुमार, हे0का0 कमलेश यादव, का0 पवन राय, का0 प्रियंक पाराशर एवं का0 रामजी, थाना औराई, जनपद भदोही।